# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में आयोजित यूपी के प्राथमिक क्षेत्रों में ऋण संभाव्यता पर राज्य ऋण संगोष्ठी एवं राज्य फोकस पेपर दो हजार छब्बीस–सत्ताइस के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि यूपी 'विकसित भारत' के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश' और 'आत्मनिर्भर भारत' के साथ 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह क्रेडिट संगोष्ठी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप वर्ष 2027 में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने और वर्ष दो हजार उन्नतीस–तीस में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। श्री योगी ने यह भी कहा कि आज उत्तर प्रदेश इथेनॉल उत्पादन में देश में नंबर एक है। चीनी उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

**96 लाख एमएसएमई यूनिट्स यूपी के अंदर कार्य कर रहे हैं, 3 करोड़ परिवार अपनी आजीविका के लिए इसी सेक्टर पर निर्भर कर रहा है क्योंकि यह तब संभव हो पाया जब सरकार ने उसकी ब्रांडिंग की। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में। उसको टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा, मार्केट से जोड़ा, पैकेजिंग के साथ जोड़ा, डिजाइनिंग के साथ जोड़ा। आज परिणाम है हम सबके सामने।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के 9वें संस्करण के माध्यम से देशभर के छात्रों से जुड़ेंगे, उनकी चिंताओं को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के परीक्षा पे चर्चा लेख को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह लेख बताता है कि कैसे यह पहल एक जन आंदोलन में तब्दील हो गई, जिसने भारत की शैक्षिक यात्रा में एक निर्णायक मोड़ ला दिया और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त किया।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने केन्द्रीय बजट– दो हजार छब्बीस–सत्ताईस को विकासोन्मुखी बजट बताया है। आज फतेहपुर में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने केन्द्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम है, जो भारत को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की क्षमता रखता है। श्री मौर्य ने कहा कि यह बजट निवेश, उद्यमिता और उत्पादकता को नई गति देने वाला है, जिससे भारत एक उभरते आर्थिक शक्ति–केंद्र के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

**********

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा–दो हजार छब्बीस की कल जारी अधिसूचना में पहले से सिविल सेवाओं में कार्यरत उम्मीदवारों की पात्रता और प्रयासों से जुडे नियमों को अधिक स्पष्ट और विस्तृत रूप में निर्धारित किया है। संशोधित नियम, विशेष रूप से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय विदेश सेवा और ग्रुप – ए की अन्य सेवाओं पर केन्द्रित है। ये नियम स्पष्ट करते हैं कि किन चरणों पर ऐसे उम्मीदवारों को पुनः परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी या नहीं। सिविल सेवा परीक्षा– दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन आवेदन–upsc.gov.in पर शुरू हो चुके हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि चौबीस फरवरी है।

**अधिसूचना के अनुसार जो उम्मीदवार पूर्व में किसी परीक्षा के माध्यम से भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में कार्यरत हैं, वे सिविल सेवा परीक्षा– दो हजार छब्बीस के लिए पात्र नहीं होंगे। अगर कोई उम्मीदवार सिविल सेवा की प्रारम्भिक परीक्षा– दो हजार छब्बीस में उत्तीर्ण होने के बाद लेकिन मुख्य परीक्षा शुरू होने से पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा या भारतीय विदेश सेवा में नियुक्ति प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अगर नियुक्ति मुख्य परीक्षा शुरू होने के बाद लेकिन अंतिम परिणाम की घोषणा से पहले होती है तो उम्मीदवार पर सिविल सेवा परीक्षा– दो हजार छब्बीस के माध्यम से किसी सेवा के लिए विचार नहीं किया जाएगा। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।**

**********

श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने 15 फरवरी को होने वाली पूजा–आरती का समय जारी कर दिया । एक रिपोर्ट–

**महाशिवरात्रि पर मंगला आरती प्रातः 2 बजकर 15 मिनट से प्रारंभ होगी, जबकि मंदिर प्रातः 3 बजकर 30 मिनट पर दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा। मध्याह्न भोग आरती प्रातः 11 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी। महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर की विशेष आरती भी संपन्न होगी, जिसमें रात्रि से प्रातः तक श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ के दर्शन का अवसर मिलेगा। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अरुण।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में कल कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालिस घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

**********